॥ शुभ नवरात्र ॥
राजस्थान पत्रिका
झुंझुनूं पत्रिका
शुभ नवरात्र
राजस्थान पत्रिका झुंझुनूं, गुरुवार, 28 सितंबर 2022 patrika.com
पत्रिका झुंझुनूं
राजस्थान पत्रिका patrika.com 12
झुंझुनूं, गुरुवार, 28 सितंबर 2022
शुभ नवरात्र

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद के स्थापना दिवस पर वैज्ञानिकों का सम्मान

पिलानी सीरी संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते अतिथि।

पिलानी.केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान सीरी में वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) का 81 वां स्थापना दिवस मंगलवार को मनाया गया। समारोह में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के पूर्व कुलपति प्रो. ए.एल शर्मा मुख्य अतिथि थे। सीएसआईआर-सीरी के पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक के एस एन राव एवं डा. आर एस शेखावत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। अतिथियों ने संस्थान द्वारा अनुसंधान के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए विश्व में अनुसंधान के बल पर बढ़ती शाख पर खुशी जताई। इससे पहले संस्थान निदेशक डा. पीसी पंचारिया ने परिषद की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, प्रमुख शोध कार्यों का विवरण देते हुए सीएसआईआर की 38 राष्ट्रीय अनुसंधान प्रयोगशालाओं द्वारा भिन्न-भिन्न शोध क्षेत्रों में किए जा रहे अनुसंधान एवं विकास के कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में विगत एक वर्ष के दौरान संस्थान से सेवानिवृत्त हुए 15 सहकर्मियों तथा परिषद में 25 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले संस्थान के 03 सहकर्मियों को उनकी समर्पित सेवा के लिए सम्मानित किया गया। प्राचार्य पवन वशिष्ठ, प्राचार्य बी दयाल रेचल, मूर्तिकार मातूराम वर्मा, जगदीश प्रसाद शर्मा एवं पवन जखोडिया सहित कस्बे तथा संस्थान से जुड़े लोगों ने भाग लिया। समारोह में महिला शोधकर्ता वैज्ञानिक एवं छात्राओं को डा. स्वराज श्रीवास्तव मेमोरियल पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। संस्थान के चेन्नै केंद्र में कार्यरत महिला वैज्ञानिक डा. एच किरणमयी को डॉ .स्वराज श्रीवास्तव मेमोरियल पुरस्कार के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ महिला शोधकर्ता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अतिथियों ने संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट पत्रिका का विमोचन भी किया। कक्षा 12 में विज्ञान विषयों में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सीएसआईआर कार्मिक के पुत्र को भी सम्मानित किया गया। डा. राजेन्द्र कुमार वर्मा एवं सोम शुक्ला माइति ने संचालन किया। संस्थान के प्रशासन नियंत्रक जय शंकर शरण ने धन्यवाद ज्ञापित किया।